<table>
<tr><td rowspan="5">केन्द्रीय विद्यालय संगठन</td><td colspan="3">केन्द्रीय विद्यालय संगठन, चेन्नई विभाग</td></tr>
<tr><td colspan="3">मदुरै मंडल</td></tr>
<tr><td colspan="3">अर्द्धवार्षिक परीक्षा -2017(नमूना प्रश्न पत्र )</td></tr>
<tr><td colspan="3">विषय: हिन्दी</td></tr>
<tr><td>कक्षा: पाँचवी<br>विभाग:</td><td>समय: 2घंटे</td><td>दिनाँक:</td></tr>
<tr><td colspan="3">नाम:</td><td>क्रम संख्या:</td></tr>
<tr><td colspan="2">निरीक्षक हस्ताक्षर:</td><td colspan="2">परीक्षक हस्ताक्षर:</td></tr>
<tr><td colspan="2">अधिकतम अंक: 80</td><td colspan="2">प्राप्तांक:</td></tr>
</table>

अ) सभी **प्रश्न** अनिवार्य है I

आ) कुल मिलाकर 62 **प्रश्न** , तीन भाग में है I

इ ) भाग अ में 50 **प्रश्न** है , प्रत्येक **प्रश्न** 1 अंक का है I

ई ) भाग आ में 10 **प्रश्न है , प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।**

उ ) भाग इ में 2 **प्रश्न है , प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है ।**

**भाग – अ**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद पढ़कर पूछे गए प्रशनों के उत्तर लिखो**

चार्ल्स काफी रंग –रंगीला गिरगिट थाI वह एक बगीचे में रहता था I बगीचा बहुत सारे रंगों से भरा था I और वहाँ खूब खाना मिल जाता थाI चार्ल्स का ध्यान इतनी सारी चीजों में लगा

रहता था कि उसे सोचने का समय ही नहीं मिलता था कि वह कौन से रंग के पौधे के पीछे छिपा था I इसी कारण उसे अपना रंग बदलने में समय लगता I

जब वह घास पर बैठता तो सोचता कि देखो ! घास कितनी हरी –हरी है , ओह ! सूरज कितना सुंदर है ! देखो ! यह आसमान कितना नारंगी बना है और इसलिए वह घास की तरह एकदम हरा न होकर हरी तथा पीली धारियों वाला बन जाता , जिन पर नारंगी रंग के धब्बे भी दिखाई देते थे I

**1)** गिरगिट का क्या नाम था?

______________________________________

**2)** चार्ल्स कैसा गिरगिट था?

______________________________________

**3)** वह ____________________ में रहता था I

1) बगीचे 2) घर 3) गड्डे 4) छत

**4)** बगीचा कैसा था?

____________________________________________________________

____________________________________________________________

**5)** चार्ल्स को रंग बदलने में समय क्यों लगता?

____________________________________________________________

____________________________________________________________

**6)** अनुच्छेद में से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :

1) ____________________ 2) ____________________

**7)** रिक्त स्थान भरो:

1) ________________घास 2) __________ आसमान

**8)** विलोम शब्द:

1) पीछे x ______________ 2) सुंदर X ______________

**9)** शुद्ध करके लिखो:

1) पोधा - _______________ 2) रंगाले -________________

**10)** वचन बदलो:

**1)** धब्बा -________________ **2)** धारी - ________________

**<u>नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रशनों के उत्तर लिखोI</u>**

छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है I उनका बचपन अमरेली जिले राजकोट गाँव में अपने नाना के यहाँ बीता I सांझ होते ही मोहल्ले के बच्चे घरों से बाहर आ जाते I कुछ मिट्टी में आड़ी-तिरछी लकीरें खींचते , कुछ कनेर के पत्तों से पिटपिटी बजाते, कुछ गिट्टे खेलते, कुछ इधरतू- उधर से टूटे –फूटे घड़ों के ठीकरे बटोर कर पिट्टू खेलते I जब मन इन खेलों से भर जाता तो पेड़ की डालियों पर झूला डालकर ऊँची-ऊँची पेंगे लेते और ऊँचे स्वर में एक साथ गाते–

कच्चे नीम की निम्बौरी

सावन जल्दी अइयों रे

11) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है I

12) इला कहाँ रहती है?

13) इला का बचपन कहाँ और किसके साथ बीता?

14) अनुच्छेद में से किन्ही दो खेलों के नाम लिखो ?

क) ____________________ ख) ____________________

15) बच्चे ऊँचे स्वर में क्या गाते थे?

16) अनुच्छेद से निम्न शब्दों के विलोम शब्द छाँटकर लिखो:

क) शहर x __________________ ख) ऊँचे **x** ____________________

17) वचन बदलो :

क) बच्चा -__________________ ख) डाली - ___________________

18) अनुच्छेद से दो संयुक्ताक्षर शब्द **छाँटकर लिखो I**

क) _______________________ ख) __________________________

**19)** इला का पूरा नाम लिखो:

20) काल लिखो :

इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है I ( ____________________________ )

## <u>निर्देशानुसार कीजिए</u>

21) दिए गए शब्दों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखो :

| |
|---|
| राम, रामायण, कवि, नदी |

व्यक्तिवाचक संज्ञा _________________ , जातिवाचक संज्ञा _______________ ,

22) वाक्यों में विराम चिह्न लगाइए :

i) हुज़ूर माफ़ करें ii) आपका क्या नाम है

23) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द से वाक्यों को पूरा करो ।

क) बड़ों के लिए यह काम <u>मुश्किल</u> है मगर बच्चों के लिए ____________ है ।

ख) छुट्टी की खबर सुनकर बच्चे <u>खुशी</u> थे मगर माँ-बाप _______ थे ।

24) वर्तमान काल में बदलो :

बच्चे खेल रहे थे I _____________________________________________________

25) दिए गए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो :

आँखों का तारा - ______________________________________________________

26) 'बे' उपसर्ग से दो शब्द बनाओ:

क) _______________________ ख) _________________________

27) सही काल लिखो

i) राम लिख रहा है : ( ) ii) बच्चे नाच रहे थे : ( )

28) नीचे दिए गए शब्दों को वर्णमाला के क्रम में लगाओ:

आम, कलम, जहाज, हवन

________________________________________________________________

29) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को पूरा करो ।

i ) पिछले साल मैं अपने दादा के लिए तोफ़ा ले गया तो इस साल अपने __________ के लिए ले जाउँगा ।

ii) बादशाह अकबर अपने _________ से बहुत प्यार करते थे ।

30) नीचे लिखी संज्ञाएँ किन क्रियाओं से बनी हैI

क) चुनाव -_______________ ख) बहाव _-__________________

31) वाक्य में प्रयोग करो :

गंतव्य- ________________________________________________________

32) दिए अनेकार्थी शब्द के दो वाक्य बनाओ _

पर(i)________________________________________________________________

(ii) ________________________________________________________________

33) क्रिया विशेषण छाँटकर लिखोI

i) लड़का तेज़ दौड़ा : ________________ ii) वह जल्दी चला गया : ________________

34) पर्यायवाची शब्द लिखो :

**i)** हवा- ________________ , ________________

35) सही विशेषण लिखो :

i) ________________ मोर (ii) ________________ पत्ता

36) सही शब्द पर गोला करो :

क) भूगोल / बूगोल ख) महत्वपूर्ण / महत्वपुर्ण

37) अर्थपूर्ण शब्द लिखो

i) दे सं श ________________ ii) रि पवा र ________________

38) सही अक्षर चुनकर लिखो

i) त मि ल ना ________________ ( डु , दु ) ii) खि ____________ ड़ी ( च, छ )

39) अक्षरजाल से दो पकवान के नाम लिखो

| | | | |
|---|---|---|---|
| खि | च | ड़ी | दो |
| भा | लू | म | सा |
| पू | ड़ी | डी | र |
| ह | ल्वा | स | बी |

________________________________

________________________________

40) एक शब्द में उत्तर लिखो :

i) मूर्ति बनाने वाला - ______________ ii) खिलौने बेचने वाला - _______________

41) दो अनुनासिक शब्द लिखो:

i) ________________________ ii) ________________________

42) दो संयुक्ताक्षर शब्द लिखो :

i) ________________________ ii) ________________________

43) 'ए ' की मात्रा को ' ऐ ' की मात्रा में बदलकर नया शब्द बनाओ ।

i )मेला________________________ ii) बेल ________________________

44) गलत शब्द पर गोला करो :

क) सुई , धागा,टांका,मेज

ख) पोस्टकार्ड ,लिफाफा, पुस्तिका, डाक टिकट

45) "मूसलधार" शब्द से दो अर्थपूर्ण शब्द बनाओ I

i) ________________________ ii) ________________________

46) राज्यों के नाम से पूरा करो । I

i) मैं __________________ में रहता हूँ ।

ii) _________________ भारत की राजधानी ।

47) इन मददगारों के नाम लिखो

 ____________________  ____________________

48) दो संचार के साधन के नाम लिखो I

i) ______________________ ii) ______________________

49) डाकिये की कहानी में आयें डाकिये का नाम लिखो I

______________________

50) शुद्द करो

i) बादशह ____________________ ii) फनकार ____________________

भाग – ब

51) पद्यांश पढ़कर उत्तर दो । वह देखो माँ आज

खिलौनेवाला फिर से आया है I

कई तरह के सुंदर –सुंदर

नएखिलौने लाया है I

(i) कविता का नाम लिखो ______________________

(ii) कवि का नाम लिखों ______________________

52) “एक माँ के बेबसी”  कविता में लड़के का क्या नाम है और वो कैसा था ?

53) किन्हीं दो राज्यों व उनकी फ़सलों के त्यौहार का नाम लिखो I

54) पिनकोडकितने अंकों का होता है और इसकी शुरुआत कब हुई ?

55) “उसलड़की से कहो, हमें नौ हाथ की लम्बी राख की रस्सी बनाकर दे “

यह वाक्य किसने कहा और किससे कहा ?

56) अकबर की कितनी संतानें थी?  उनके नाम लिखिए I

57) बच्चें रतन से क्यों डरते थे ?

58) खिलौनेवाला क्या-क्या खिलौने बेच रहा था ?


59) कवि ने रतन की माँ को 'बेबस' क्यों कहा है?

60) केशव के बारे में दो वाक्य लिखो I

**61**) डाकिया के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए I

<u>या</u>

नीचे दिए गए चित्र के बारे में लिखिए I



62) अपने दोस्त को आपके स्कूल में हुए खो –खो मैच के दृश्य वर्णन का पत्र लिखो